# जमशेदपुर अक्षेस ने अपने क्षेत्र को स्मार्ट बनाने की तैयारी की शुरू

## वॉल पेंटिंग के माध्यम से साफ-सफाई को लेकर दिया बड़ा संदेश

### स्मार्ट हुईं शहर की सड़कें, दीवारों पर की गयी वॉल पेंटिंग




**जमशेदपुर.** जमशेदपुर अक्षेस अपने क्षेत्र को स्मार्ट बनाने की तैयारी कर रहा. अक्षेस ने स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0, अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के गाइडलाइन के तहत सिटीजन इंगेजमेंट प्रणाली के तहत स्वच्छ प्रतियोगिता का आयोजन किया है. प्रतियोगिता में गुरुवार को वॉल पेंटिंग का आयोजन हुआ. इसमें रणबीर कुमार, मनीष कुमार, नैंसी कुमारी, शुभम कुमार और विवेक कुमार ने हिस्सा लिया. वॉल पेंटिंग के माध्यम से नदी को बचाये रखने के लिए उसकी साफ-सफाई करने, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा नहीं फेंकने, कचरे को निर्धारित डस्टबीन में ही फेंकने व पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया. मूल्यांकन समिति ने किया. विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि इसका अच्छा प्रभाव पड़ेगा और जमशेदपुर शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार